BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

STATION ROAD, CHARBAGH. LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

DEPARTMENT OF CHEMISTRY

PROF. DEVENDRA KUMAR
HEAD
EMAIL ID: drdgupta65@gmail.com
MOB. NO.: 9369445558

DATE: 21/07/2023

B.Sc. प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों के लिए Food Chemistry की किताब का विमोचन

आज बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पी जी कालेज में B.Sc. प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों के लिए Food Chemistry की किताब का विमोचन किया गया। NEP-2020 के अन्तर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम बार B.Sc. प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर में वोकेशनल कोर्स फूड केमिस्ट्री को सम्मिलित किया गया है। इस कोर्स की बाजार में कोई किताब किफायती दाम में अभी उपलब्ध नहीं था जिसके कारण बच्चों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इन कठिनाइयों को देखते हुए बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पी जी कालेज के रसायन शास्त्र विभाग के प्रभारी प्रोफेसर डी. के. गुप्ता के दिशा निर्देश में एक किताब की संरचना की गई। इस किताब को विभाग के 3 शिक्षकों डॉ अभिषेक उपाध्याय, डॉ ललित प्रकाश गुप्ता और सुमित मौलेखी ने अथक परिश्रम से परीक्षा से पहले बच्चों के लिए तैयार किया।

आज बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पी जी कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर संजय मिश्र द्वारा इस किताब का विमोचन किया गया। प्राचार्य जी ने इस किताब के लेखकों को विशेष आशीर्वाद दिया और किताब की सफलता की कामना भी किया। इस अवसर पर कालेज के प्रोफेसर संजीव शुक्ला, प्रोफेसर संजय शुक्ला, डॉ राकेश चंद्रा, प्रोफेसर एन. के. अवस्थी, प्रोफेसर डी. के. गुप्ता, प्रोफेसर राम कुमार तिवारी, प्रोफेसर नीरजा मिश्रा, डॉ प्रणव कुमार मिश्रा, डॉ विजय शंकर और डॉ राजेश राम उपस्थित थे और सभी ने किताब की सराहना करते हुए इसकी सफलता की कामना की।

किताब की विशेषता बताते हुए लेखकों ने बताया की इस किताब में चार सौ से ज्यादा वस्तुनिष्ठ प्रश्न रखे गए हैं, जो आने वाले परीक्षा के दृष्टिकोण से बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण है। और सबसे बड़ी बात इस किताब का अधिकतम मूल्य 195 ₹ है

जिस पर छूट भी उपलब्ध है। यह किताब अमेजन, फ्लिपकार्ट के साथ साथ अमीनाबाद के शुक्ला बुक डिपो और कालेज के सामने द्विवेदी बुक हाउस पर भी उपलब्ध है।

DEPARTMENT OF CHEMISTRY

BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

STATION ROAD, CHARBAGH. LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

DEPARTMENT OF CHEMISTRY

Prof. D. K. Gupta
(Head)